भाजपा से गठबंधन तोड़ने की संभावना से ममता का इनकार

नई दिल्ली, 27 अगस्त [वार्ता]। रेल मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन तोड़ने की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का भाजपा से बेहतर संबंध है। बनर्जी ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा कि हम मित्रों के साथ संबंध नहीं तोड़ते।

यह पूछे जाने पर कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सरकार बनाने की स्थिति में आई तो क्या वे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पद स्वीकार करेंगी, बनर्जी ने कहा कि इस बारे में उनकी पार्टी फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एक लोकतांत्रिक दल है और उसके निर्णय का वे पालन करेंगी। बनर्जी ने कहा कि वे कांग्रेस समेत सभी पार्टियों के नेताओं से बात कर रही हैं लेकिन विधानसभा चुनाव के लिए अब तक कांग्रेस के साथ गठजोड़ के बारे में कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत उपयुक्त समय पर की जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजग सरकार ने कई वर्ष बाद देश में राजनीतिक स्थायित्व दिया है। सरकार को विरासत में कई आर्थिक समस्याएं मिलीं, जिसमें से कुछ का उसने समाधान किया। उन्होंने कहा कि देश बार-बार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव नहीं बर्दाश्त कर सकता है।





फ्रांस के कारवां थिएटर के कलाकार रविवार को जयपुर में कच्ची बस्ती के लोगों और नगर के रंगकर्मियों के साथ कार्यशाला के बाद रामनिवास बाग से गुजरते हुए। पत्रिका फोटो